**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-22 का उत्तर।**

---

**प्रश्न**

22(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-सिधौली में स्थित राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सीय जांच की सुविधा न होने से क्षेत्र के मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है?

**उत्तर**

जी नहीं।

जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-सिधौली में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समस्त प्रकार की जॉचें की जा रही है। माह जुलाई 2025 में कुल 9136 ओ0पी0डी0 का कार्य संपादित किया गया है, जिसमें से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अन्तर्गत ई-रूपी बाउचर्स के माध्यम से कुल 102 लाभार्थियों का अल्ट्रासाउण्ड किया गया है। 763 लाभार्थियों का एक्सरे तथा प्रत्येक कार्य दिवस में औसतन 362 चिकित्कीय जॉचों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

माह जुलाई 2025 में सम्पादित की गयी जॉचों का विवरण निम्नवत है:-

| क्र.सं. | जॉच का नाम | की गयी जॉचों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | एच0बी0 | 1528 |
| 2 | एम0पी0 | 1585 |
| 3 | आर0बी0एस0 | 1279 |
| 4 | वी0डी0आर0एल0 | 608 |
| 5 | यू0पी0टी0 | 75 |
| 6 | सी0बी0सी0 | 35 |
| 7 | एच0सी0वी0 | 356 |
| 8 | एच0बी0एस0ए0जी0 (HBsAg) | 352 |
| 9 | एल0एफ0टी0 | 374 |
| 10 | के0एफ0टी0 | 156 |
| 11 | लिपिड प्रोफाइल | 89 |
| 12 | टायफाइड | 525 |
| 13 | ओ0जी0टी0टी0 | 214 |
| 14 | डेंगू | 135 |
| 15 | माइक्रो फाइलेरिया | 82 |
| 16 | यू0एसिड | 55 |
| 17 | ए0बी0ओ0आर0एच0 (ABoRh) | 668 |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | एच0आई0वी0 | 419 |
| 19 | ब्लड ट्रान्सफ्यूजन | 02 यूनिट |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु पैथालॉजी का संचालन करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।